मजबूत लोकतंत्र के लिए मिडिया को सशक्त भूमिका निभानी होगी- राज्यपाल 13-5-2017

पानीपत, 13 मई। मजबूत लोकतंत्र जनकल्याण और देश को विकास के रास्ते में ले जाने के लिए मिडिया को सशक्त भूमिका निभानी होगी ताकि लोगों का आपस में संवाद, सम्पर्क और उनकी स्वतंत्रता कायम रहे। यह बात प्रदेश के राज्यपाल महामहिम प्रो0 कप्तान सिंह सोलंकी ने स्थानीय आर्य कॉलेज में विश्व संवाद केन्द्र द्वारा आयोजित नारद जयंती और पत्रकार सम्मान दिवस के अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा कि अगर कोई चीज प्राप्त करनी है तो उसकी दिशा तय करने की पद्धति अपनानी होगी उस रास्ते पर चलकर ही उसे अपनाया जा सकता है। जनता को जितना जागरूक और प्रबुद्ध बनाया जाएगा उतना ही देशहित भी जनता के अन्दर पनपेगा। लोकतंत्र के अन्दर जनमत एक सबसे बड़ा हथियार है उस जनमत को तैयार करने के लिए पत्रकार की अहम भूमिका होती है इसलिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें।

प्रो0 कप्तान सिंह सौलंकी ने कहा कि सकारात्मक खबरों को ज्यादा से ज्यादा स्थान दें जिस तरह नारदमुनि ने जनकल्याण का काम किया उसी तरह पत्रकारों को भी स्वार्थ और अहित की बाते छोड़कर देशहित और व्यवस्था परिवर्तन व पारदर्शिता की बात करनी चाहिए। विधानपालिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के साथ-साथ लोकतंत्र के लिए प्रैस भी अहम स्थान रखती है क्योंकि पत्रकार ही समाज में पारदर्शिता लाते हैं और लोकतंत्र की सेवा कर सकते हैं।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में रविन्द्र नाथ टैगोर द्वारा रचित गीतांजली की पंक्तियों द्वारा देश और उसके नागरिकों की स्वतंत्रता को लेकर पूरे विश्व की कल्पना को उपस्थित लोगों के बीच रखा और कहा कि सत्य को आगे बढने से कोई नही रोक सकता। व्यवस्था परिवर्तन और जनमत तैयार करने में पत्रकार प्रथम श्रेणी में आता है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लेकिन देश के स्वतंत्रता सैनानियों ने जिस लोकतंत्र की कल्पना की और 1947 में उनके प्रर्यत्नों से भारत देश आजाद हुआ उसी पर 1975 में प्रहार हुआ और देश में आपातकाल लागू कर दिया गया। जब भी पत्रकारों ने जनमत तैयार करने में अहम भूमिका निभाई और जिसने आपातकाल लगाने वालों ने ही इस चीज को स्वीकार किया कि लोकतंत्र में आपातकाल के लिए कोई स्थान नही होता।

आरएनआई के रजिस्ट्रार एसएम खान ने कहा कि आज पूरे देश में 1 लाख 10 हजार 151 समाचार पत्र रजिस्ट्रड हैं जोकि पूरे विश्व में सबसे ज्यादा हैं। इसे प्रिंट मिडिया का बोलबाला ही कहिए कि हिन्दी में पिछले वर्ष करीब 6 हजार नए समाचार पत्र व पत्रिकाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ जो कि पिछले अन्य वर्षो से 6 प्रतिशत अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि यह बात सभी मिडिया जगत के जुडे लोगों के अत्यधिक गर्व और गौरव का विषय है कि आज जहां विश्व के अन्य देशों में प्रिंट मिडिया का महत्व कम हो रहा है वहीं भारत में इसका महत्व तेजी से बढ रहा है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जितने पत्र-पत्रिकाएं रजिस्ट्रड हुए उनमें अत्यधिक संख्या हिन्दी के पत्र व पत्रिकाओं की है। आज हिन्दी के करीब 44 हजार समाचार पत्र और पत्रिकाएं छपती हैं वही अंग्रेजी के 14 हजार और उर्दू, मराठी, तेलगु के 4 हजार से 5 हजार के बीच समाचार पत्र व पत्रिकाएं छपते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में मिडिया न्यायपालिका से सम्बंधित भी खबरें कर रहा है ऐसे में मिडिया का उत्तरदायित्व और बढ जाता है इसलिए अपना उत्तरदायित्व सही तरीके से निभाएं क्योंकि जनता के साथ-साथ अन्य तीनों स्तम्भ भी मिडिया की तरफ देखते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा

सकारात्मक खबरों को स्थान दें और बेहतर तरीके से देश की एकता, सामाजिक समरसता और विकास के लिए समर्पित होकर अपना उत्तरदायित्व और अच्छे तरीके से निभाएं।

उत्तर क्षेत्र संघ चालक डा0 बजरंग लाल गुप्त ने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि वे संवाद परम्परा को आगे बढाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहें और ऐसे पत्रकारों को सम्मानित करें जिनकी कलम के कारण देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग मिलता हो। उन्होंने कहा कि कलमकारों की हर युग में जरूरत महसूस की जाती रही है और जिस किसी भी तानासाह ने प्रैस की अवहेलना की उसका भविष्य उज्जवल नही हो सका।

विश्व संवाद केन्द्र के सचिव राजेश गोयल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व संवाद केन्द्र का रोहतक में प्रांत स्तरीय कार्यालय शुरू किया जा चुका है और शीघ्र ही पानीपत में भी इसका उपकार्यालय शुरू किया जाएगा। हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में पत्रकारों को सम्मान देने के लिए यह संस्था नित्त नए आयाम स्थापित कर रही है। पानीपत में ऐसे तीन कार्यक्रम सम्पन्न करवाएं जा चुके हैं। भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करवाए जाने की योजना है।

विश्व संवाद केन्द्र के अध्यक्ष डा0 संजय शर्मा एवं पानीपत डायर्ज एसोसिएशन के प्रधान भीम राणा ने सभी का स्वागत किया और कहा कि पत्रकारों के बिना लोकतंत्र सुरक्षित नही रह सकता और लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने में भी प्रैस की अहम भूमिका रही है और भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते रहेंगे। इस मौके पर विधायक रोहिता रेवड़ी, मुख्यमंत्री के मिडिया सलाहकार अमीत आर्य, संजय भाटिया, भाजपा के जिलाअध्यक्ष प्रमोद विज, महासचिव देवेन्द्र दत्ता, गजेन्द्र सलूजा, ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष डा0 विरेन्द्र चौहान, प्रसार भारती के सलाहकार ज्ञानेन्द्र कुमार, जनेश्वर दत्त, सर्वजीत बंसल, प्रताप आटा, कुलदीप हथवाला, चरणसिंह, धर्मपाल जांगलान, पार्षद देव मलिक, सुरेन्द्र अहलावत आदि भी उपस्थित थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर व मॉ सरस्वती और देव ऋषि नारद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उपायुक्त डा0 चन्द्रशेखर खरे और पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नारद के जीवन पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। नाटक निदेशक नरेन्द्र की प्रस्तुति की सभी ने सराहना की।

समारोह में पत्रकार सोमनाथ रोहतक, स्व0 रमेश कुमार महेन्द्रगढ, देवेन्द्र कथुरिया पानीपत, सुमनबाला पंचकूला, बिजेन्द्र जीन्द, वेदपाल कुरूक्षेत्र, जयप्रकाश अम्बाला, होशियार सिंह महेन्द्रगढ और पत्रकार अशोक शर्मा फरीदाबाद को सम्मानित किया गया।

विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा
ब्रह्माण्ड के आदि पत्रकार देवर्षि नारद जी
तृतीय प्रान्त स्तरीय
पत्रकार सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी -2017

तृतीय प्रान्त स्तरीय

विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा

विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा

विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा

विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा

विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा